तापमान
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

13 महर्षि ने तप और ज्ञान से समाज को दी नई दिशा



14 नेशनल हाईवे पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी



## खबर संक्षेप

### 11.50 करोड़ से बनेगी दो सड़कें: कादियान

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान बुधवार को लगभग 11 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से दो सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और स्थानीय विकास को नई गति मिलेगी। विधायक कादियान गांव कैलाना में गन्नौर-शाहपुर रोड से खानपुर तक वाया सैया खेड़ा, कैलाना, मोई एवं दुभेटा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना पर लगभग 6 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके बाद गांव कामी में शहजादपुर से भिगान वाया कामी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 5 करोड़ 14 लाख रुपये है।

### ड्यूटी से लौट रहे युवक की बाइक छीनी, केस

**गन्नौर ।** लड़सौली रेस्ट हाउस के पास दो युवक ड्यूटी से घर लौट रहे एक व्यक्ति की बाइक छीन कर फरार हो गए। पीड़ति ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत के लल्हेड़ी कला निवासी रामेश्वर दास ने बताया कि वह धतूरी रोड स्थित कंपनी में आपरेटर का काम करता है। वह सोमवार की शाम ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जब वह लड़सौली रेस्ट हाउस के पास पहुंचा तो इस दौरान दो युवक उसके पास आए और उसे डरा धमका कर उसकी बाइक छीन कर मुरथल की तरफ भाग गए।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित अरुण उर्फ मोगली गांव तिहाड़ मलिक का रहने वाला है। क्राइम यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि गांव तिहाड़ मलिक के रहने वाले अरुण उर्फ मोगली के पास अवैध पिस्टल है। वह फिलहाल गोहाना बाईपास पर जाहरी मोड के पास मौजूद है। टीम ने वहां पर पहुंच कर निगरानी शुरू की तो एक युवक घूमता दिखा। टीम ने उसे रोक कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अरुण के रूप में दी। टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**गन्नौर।** पुगथला गांव के पास स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल के भाई ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में राजा खेड़ी निवासी वीरेंद्र ने बताया कि उसकी बुआ का लड़का मंजीत किसी काम से पुगथला गांव गया था। जब वह वापिस लौट रहा था तो पुगथला गांव के पास वाहन ने उसके भाई को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय परिवहन मंत्री आज डीआईसीटी गन्नौर में करेंगे बैट्री स्वैपिंग व चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ, तैयारियां पूरी

# उत्तर भारत का पहला ऐसा लॉजिस्टिक टर्मिनल होगा, जहां इलेक्ट्रिक ट्रेलर ट्रैक्टर फ्लीट के संचालन के साथ उन्नत सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध होंगी




**गन्नौर।** हरित परिवहन को नई रफ्तार देने के लिए दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल पांची गुजरान में इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग सह चार्जिंग स्टेशन शुरू होने जा रहा है। इस आधुनिक परियोजना का शुभारंभ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। उनके साथ केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी भी मौजूद रहेंगे। डीआईसीटी उत्तर भारत का पहला ऐसा लाजिस्टिक टर्मिनल होगा, जहां इलेक्ट्रिक ट्रेलर ट्रैक्टर फ्लीट के संचालन के साथ बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग की उन्नत सुविधा एक ही जगह उपलब्ध होगी।

### जिले में अत्याधुनिक तकनीक से लैस भारी इलेक्ट्रिक वाहन चलेंगे

यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि लाजिस्टिक सेक्टर की लागत घटाने और कार्यकुशलता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। डीआइसीटी में अब अत्याधुनिक तकनीक से लैस इलेक्ट्रिक भारी वाहन चलेंगे। इनकी बैटरी समाप्त होने पर सिर्फ सात मिनट में बैटरी स्वैपिंग सह चार्जिंग स्टेशन पर नई चार्ज हो चुकी बैटरी लगाई जा सकेगी, जिससे ट्रक को लंबे समय तक रुकना नहीं पड़ेगा। चार्जिंग स्टेशन पर खाली बैटरी मात्र दो घंटे में पूरी चार्ज हो जाएगी। वहीं रैपिड डुअल-गन 2 चार्जिंग सिस्टम की मदद से वाहन बेहद कम समय में चार्ज होकर फिर से सड़क पर उतर सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिवहन की गति और उत्पादकता भी बढ़ेगी।

**मंच हो रहा तैयार**



### संचालन पूरी तरह प्रदूषण-मुक्त होगा

डीआइसीटी गन्नौर के सहायक महाप्रबंधक राकेश सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन अब पारंपरिक भारी डीजल वाहनों का बेहतर विकल्प बनकर उभर रहे हैं। उनका संचालन पूरी तरह प्रदूषण-मुक्त है और यह औद्योगिक सामग्री के परिवहन में समय व ऊर्जा की बचत करते हैं। इसी उद्देश्य से अब डीआइसीटी में इलेक्ट्रिक वाहन चलेंगे और जिन्हीं चार्ज भी यहीं पर किया जा सकेगा।

### दूसरे दिन भी बदला रहा मौसम का मिजाज, बारिश से आबोहवा में ठंडक

# खेत में खड़ी धान की फसल पर संकट अनाज मंडी रही खाली, आवक घटी

**अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रहा**

**सोनीपत।** मौसम का मिजाज लगातार दूसरे दिन भी बदला रहा। तड़के हुई बूंदाबांदी के बाद शाम को फिर से बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हो गया। वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। हालांकि, इस बारिश ने किसानों की धडक़नें बढ़ा दीं है। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के चलते कई दिनों से पूर्वी हवा जिले में नमी लेकर पहुंच रही थी। वहीं उत्तर पर्वतीय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ विकसित होने के कारण जिले में सोमवार से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। सोमवार देर शाम के बाद मंगलवार तड़के और फिर शाम को बूंदाबांदी हुई। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस था। वातावरण में नमी और लगातार जारी बूंदाबांदी ने हवा में ठंडक बढ़ा दी है।



### 1470 क्विंटल धान की ही खरीद हो पाई

धान के भावों में आई कमी का असर सोनीपत अनाज मंडी में होने वाली धान की आवक पर भी दिखाई दिया। सोनीपत अनाज मंडी मंगलवार को खाली नजर आई। काफी कम संख्या में किसान अपना धान लेकर मंडी में पहुंचे। अब तक सोनीपत अनाज मंडी में बनाए गए पीआर धान खरीद केंद्र पर 1470 क्विंटल धान की ही खरीद हो पाई है।

### पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। उत्तर-पश्चिमी हवा सक्रिय है जो तापमान को और कम करेंगी। आने वाले दिनों में हल्की ठंड की शुरुआत होगी। किसानों को धान की फसल में पानी खड़ा न होने की सलाह दी जाती है।
**डॉ. प्रेमदीप**, मौसत विज्ञानिक, केवीके सोनीपत

### तीन हजार क्विंटल से ज्यादा धान भीग गया

**सोनीपत।** दिन भर रूक-रूककर हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। नई अनाज मंडी में धान की आवक और भाव में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को दिनभर बूंदाबादी व मंगलवार सुबह हुई बूंदाबांदी के कारण मंडी में बहुत कम किसान धान लेकर पहुंचे। खुले में रखा तीन हजार क्विंटल से अधिक धान भीग गया, जिससे किसानों को सुखाने के लिए अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ा। वहीं मंगलवार को मशीन से कटे धान की अधिकतम बोली 2800 रुपये प्रति क्विंटल रही, जबकि हाथ से कटे धान की किस्म 1509 का भाव 3150 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचा। बारिश की वजह से मंडी में धान के भाव गिरते जा रहे है। पिछले सप्ताह की तुलना में 100 रुपये प्रति क्विंटल कम है। मौसम खराब रहने के कारण पिछले दो दिनों में ही धान के भाव में 150 से 250 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गई है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। बिजली, मंडी और बारिश के प्रभाव से अब तक जिले की अनाज मंडियों में खरीफ खरीद सुस्त पड़ी है।

### भाव 2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा

सोमवार के बाद मंगलवार सुबह भी रूक-रूककर बारिश हुई, जिससे मंडी में धान की आवक बहुत कम रही। मशीन से कटे धान का भाव 2800 रुपये प्रति क्विंटल तक सीमित रहा। उम्मीद है कि मौसम साफ होने के बाद आवक में तेजी आएगी।
**-प्रवीन गोयल,** आढ़ती, नई अनाज मंडी।

### ट्रक ने युवक व कार को 20 मीटर तक घसीटा, गंभीर रूप से घायल

**गन्नौर।** बीएसटी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में फरमाना खास, रोहतक निवासी साहिल ने बताया कि वह बीएसटी रोड पर ताउ पकौड़े वाला की दुकान के पास रुका था। जब वह अपनी कार में बैठने के लिए कार के पास पहुंचा तो तभी एक तेज रफ्तार ट्रक उसकी और आया जिसमें एक अन्य कार पहले ही फंसी हुई थी। ट्रक चालक ने उसे व उसकी कार को भी अपनी चपेट में ले लिया और करीब 20 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी टांग टूट




गई। राहगीरों ने किसी तरह उसे ट्रक के नीचे से निकाला और कुलदीप व अन्य साथियों ने उसे जयदेवी अस्पताल सोनीपत पहुंचाया, जहां वह उपचाराधीन है। साहिल ने बताया कि ट्रक चालक की पहचान जगदीश निवासी गांधी नगर, गली नंबर 2, गन्नौर के रूप में हुई है। गन्नौर थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### मोबाइल व सामान चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितो की पहचान सलमान निवासी भलस्वा डेरी, दिल्ली, नदीम, इस्तगार उर्फ मोटा तथा शुभम उर्फ दीपू निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 29 अगस्त को शिकायतकर्ता जाहिद निवासी जिला शामली उत्तर प्रदेश ने थाना मुरथल में शिकायत दर्ज कराई थी कि 28 अगस्त की रात लगभग 2 बजे वह पंजाब से दिल्ली की ओर अपने ट्रक से जा रहा था। भीगान टोल, एनएच-1 के पास उसे नींद आने लगी तो उसने ट्रक सड़क किनारे रोककर सो गया। सुबह जागने पर उसने देखा कि ट्रक में रखा उसका मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी, गोल्डन रंग, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र और 500 नकद चोरी मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

**भगत सिंह कॉलोनी में वारदात**

### घर में घुसकर युवक पर तेजधार हथियारों से हमला, दो घायल

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत क्षेत्र की भगत सिंह कॉलोनी में दो युवकों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर 12 से अधिक आरोपितो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भगत सिंह कॉलोनी निवासी अंकित ने बताया कि 4 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 से 4 बजे वह अपने दोस्त प्रतीक निवासी वेस्ट राम नगर के साथ अपने दोस्त सागर निवासी लहराड़ा के मकान पर गया था। वहां सागर मौजूद नहीं था, लेकिन उसी दौरान इंद्रजीत उर्फ चोटी निवासी रामनगर के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि इंद्रजीत ने अपने साथियों साहिल निवासी कालूपुर, आशू निवासी कालूपुर सहित करीब 10-12 युवकों को बुला लिया, जिन्होंने बिट्ठों और फरसे से अंकित व प्रतीक पर हमला कर दिया। हमलावरों ने अंकित का आईफोन तोड़ दिया, वहीं दूसरे आईफोन व 32,500 रुपये नकद छीन लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

**रंजिश में हुए आमने-सामने**

### मामचंद कॉलोनी में दो गुटों में झगड़ा, महिला घायल

**सोनीपत।** शहर की मामचंद कॉलोनी में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गया। इस दौरान दोनों ओर से जमकर कहासुनी और धक्का-मुक्की हुई। घटना में सकीना (19 वर्ष) नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल सकीना को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में झगड़े की वजह आपसी रंजिश और पुराने विवाद का मामला प्रतीत हो रहा है। फिलहाल घायल महिला के बयान दर्ज किए जा रहे है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि झगड़े में शामिल दोनों पक्षों की पहचान कर ली गई है और उनके बयान लिए जा रहे है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जाएगी, ताकि विवाद की असली वजह का पता लगाया जा सके।

### बस ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी, किशोर की मौत

**सोनीपत।** गोहाना-सोनीपत सड़क मार्ग पर गांव बड़वासनी के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार बस ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार किशोर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

बागपत यूपी निवासी हारून ने बताया कि वह तूड़ी खरीदने व बेचने का काम करता है। वह अपने भाई शाकिब (15) के साथ तूड़ी का काम करने के लिए बड़वानी के पास आया हुआ था। दोनों ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठे हुए थे। गोहाना की तरफ से तेज रफ्तार निजी बस ने ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई शाकिब घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी आशू राव ने बताया कि बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित बस चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### वाहन चोरी के आरोप में दिल्ली का युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरीशुदा गाड़ी भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहित निवासी सागरपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर को अमरजीत निवासी गांव नाथुपुर, जिला सोनीपत ने थाना कुंडली में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 30 सितंबर की शाम करीब 6 बजे उसने अपनी आईसर गाड़ी को नाथुपुर में वृद्धाश्रम के सामने खड़ा किया था और घर चला गया था। देर रात करीब 2:43 बजे उसे मोबाइल पर जानकारी मिली कि उसकी गाड़ी का फास्ट टैग सिंघु एमसीडी टोल प्लाजा पर स्कैन हुआ है और पैसे कट गए है। मौके पर पहुंचा तो वाहन चोरी हो चुका था।

**स्वास्थ्य विभाग सक्रिय, नागरिकों से सतर्क रहने की अपील**

**विभाग ने 164 टीमों को सक्रिय कर फील्ड में भेजा घर-घर जा रहे कर्मचारी**


# 70 लोगों को डेंगू का डंक लगा, मलेरिया के 14 मरीज, तीन को चिकनगुनिया ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक जिले में 70 डेंगू मरीज सामने आ चुके हैं। इसके अलावा 14 मरीज मलेरिया और तीन मरीज चिकनगुनिया से पीड़ित पाए गए हैं। विभाग की तरफ से संदिग्ध स्थानों पर फॉगिंग करवाई जा रही है। ताकि बढ़ते मामलों पर नियंत्रण किया जा सके। बता दें कि जिले में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में जांच और रोकथाम अभियान तेज कर दिया है। जिले में 164 टीमों को सक्रिय कर फील्ड में भेजा गया है। ये टीमें घर-घर जाकर लोगों की जांच कर रही हैं और उन्हें डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक कर रही हैं। विशेष रूप से मच्छरों के लारवा को नष्ट करने और पानी जमा न होने देने पर जोर दिया जा रहा है।

### बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द या प्लेटलेट्स की संख्या घटने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं

बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द या प्लेटलेट्स की संख्या घटने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं



स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द या प्लेटलेट्स की संख्या घटने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं। समय पर उपचार मिलने से डेंगू पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। इसके साथ ही नगर निगम को विशेष सफाई अभियान और फागिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। विभाग ने पानी की टंकियों, कूलरों और गमलों में पानी जमा न करने और घरों व आसपास की सफाई नियमित रूप से करने पर भी जोर दिया है।

### 1414 को लापरवाही बरतने पर नोटिस थमाए

विभाग की टीमें लगातार काम कर रही हैं और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने नागरिकों से घबराने की आवश्यकता नहीं बताते हुए कहा कि सतर्क रहकर और समय पर उपचार लेकर डेंगू पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। अब तक 70 डेंगू से ग्रस्त मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। विभाग की तरफ से अब तक डेंगू के 2312 सैंपल व मलेरिया के 157859 सैंपल व चिकिनगुनिया के 48 सैंपल लिए जा चुके है। वहीं टीमों की तरफ से लापरवाही बरतने वालों 1414 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके है।
**-डा. आशा सहरावत,** जिला डेंगू व मलेरिया अधिकारी।

**पहले भी मारपीट कर चुके आरोपी**

### दोस्त के घर सो रहे युवक पर हमला, केस

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एटलस रोड पर दोस्त के घर पर सो रहे एक खाद-बीज विक्रेता को दो युवकों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपितों ने घर में भी तोड़फोड़ की। आरोपित पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके है। घायल को उपचार के लिए लाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-23 निवासी मोहित ने बताया कि उसने गांव चिटाना में खाद-बीज की दुकान कर रखी है। सोमवार को वह एटलस रोड स्थित प्रेम नगर में अपने दोस्त के घर पर था। वह घर पर सो रहा था। इसी दौरान इंडियन कालोनी का अंकित और आशीष घर में घुस आए। दोनों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपितों ने घर का सामान भी तोड़ दिया। शोर मचाने पर आरोपित मारने की धमकी देकर भाग गए। उसके दोस्त ने उसे अस्पताल में पहुचांया। मोहित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### हरियाणा सेपकटकरा एसो. के प्रधान चुने गए विधायक मदान



**सोनीपत।** हरियाणा सेपकटकरा एसोसिएशन के तत्तवावधान में सोनीपत में आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सेपकटकरा एसोसिएशन के महासचिव शमशेर सिंह सरोहा ने की। सभा की बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से विधायक निखिल मदान को हरियाणा सेपकटकरा एसोसिएशन का राज्य प्रधान चुना। इसके उपरांत महासचिव शमशेर सिंह सरोहा ने व समस्त राज्य कार्यकारिणी ने उनको फूल-मालाएं पहनाते हुए उनका स्वागत व उनको बधाई दी।

### खेल को बुलंदियों पर ले जाएंगे

नवनिर्वाचित प्रधान निखिल मदान ने राज्य कमेटी की बैठक ली और उन्होंने यह आश्वासन दिया कि हरियाणा राज्य के अन्दर हम सभी सेपकटकरा खेल को और बुलंदियों पर ले जाने के लिए तन, मन और धन से प्रयास करेंगें। एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा उनको एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# बाहुबली: द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबली: द बिगनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबली: द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

## लाइफ Style

# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला




# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुर: द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुर: द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुर: द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेटेंड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।


### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*नई दिल्ली। करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे** : अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### साहस, त्याग और वीरता के प्रतीक थे गुरु गोविंद

**गोहाना।** मंगलवार को शहर में सत नगर स्थित सचखंड गुरुद्वारा में सुखमणि सोसायटी सभा द्वारा गुरु गोविंद सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया। समारोह में नागरिकों ने गुरु गोविंद सिंह को नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा गुरु गोविंद सिंह साहस, त्याग और वीरता के प्रतीक थे। उन्होंने अन्याय, अधर्म के विरुद्ध लड़ते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी लड़ाई किसी जमीन, धन या सत्ता के लिए नहीं बल्कि दमन, अन्याय, अधर्म और अत्याचार के खिलाफ थी।

### लाल दास महाराज को समर्पित भंडारा आयोजित

**खरखौदा।** थाना कलां स्थित दलित चौपाल में लाल दास महाराज को समर्पित सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम वर्ष 1980 से पूर्णिमा के दिन इनेलो नेता प्रीतम खोखर के परिवार द्वारा आयोजित किया जाता है। विभिन्न आश्रमों से कार्यक्रम में पहुंचे संतों ने सत्संग करते कबीर जैसे संतों की वाणी प्रस्तुत की। नारायण आश्रम के रामानंद महाराज, ककरोई से चंद्र दास, सुरेंद्र, निगम दास व अन्य महात्माओं ने सुमधुर भजन गाए।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**सोनीपत।** मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में शिकायतकर्ता अमन ने भगवानदास अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पीएनडीटी एक्ट और ब्लड डोनेशन से संबंधित नियमों की खुली अवहेलना की जा रही है। अमन के अनुसार, अस्पताल प्रशासन अस्वस्थ एवं अयोग्य व्यक्तियों से भी खून एकत्रित कर रहा है, जो ब्लड डोनेशन नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने आगे बताया कि अस्पताल को केवल फिक्स अल्ट्रासाउंड मशीन की अनुमति प्राप्त है।

## सहकारिता मंत्री ने जिला स्तरीय वाल्मीकि जयंती समारोह को बतौर मुख्यातिथि किया संबोधित

# वाल्मीकि ने तप-ज्ञान से समाज को दी नई दिशा : शर्मा

**मंत्री कोटे से त्रिकालदर्शी सोसायटी को 11 लाख का चेक दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि ऋषि और मुनी हमारी पुरातन संस्कृति की धरोहर हैं। महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। वे मंगलवार को वाल्मीकि त्रिकालदर्शी सोसायटी द्वारा गोहाना में आयोजित जिला स्तरीय वाल्मीकि जयंती समारोह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने समारोह में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया और मंत्री कोटे से त्रिकालदर्शी सोसायटी को 11 लाख रुपये का चेक दिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि आज का यह समारोह केवल एक पर्व नहीं बल्कि प्रेरणा का दिन है। जब-जब मानवता भटकती है, तब-तब कोई महापुरुष मार्गदर्शन के लिए अवतरित होता है। महर्षि वाल्मीकि ऐसे ही त्रिकालदर्शी ऋषि थे जिन्होंने अपने तप और ज्ञान से अंधकार में प्रकाश फैलाया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है। महर्षि वाल्मीकि जी ने इस अमर महाकाव्य के माध्यम से समाज को मर्यादा, सत्य, त्याग, करुणा, समानता और कर्तव्यों के आदर्शों से परिचित कराया। यही कारण है कि आज भी हर पीढ़ी रामायण से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ती है। सभी लोग महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कर करोड़ों भारतीयों की आस्था को साकार किया है। राम मंदिर केवल स्थापत्य नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीना शर्मा, महामंत्री जोगिन्द्र शर्मा, संयोजक दीपक लारा, अनाज मण्डी के प्रधान श्याम लाल वशिष्ठ, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित वाल्मीकि, दीपक भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।


गोहाना। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए समाज के प्रबुद्ध नागरिक।


गोहाना। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो :हरिभूमि


खरखौदा। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

**खरखौदा।** सांपला मार्ग स्थित वाल्मीकि मंदिर में आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जयंती मनाई गई। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वाल्मीकि समाज प्रधान दिनेश, डॉ अनिल दहिया, खंड कार्यवाह सतीश, अमित, सुनील सरोहा, वासु, स्वयंसेवक और समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। केशव सेवा समिति, खरखौदा के सदस्य भी कार्यक्रम के सम्मिलित हुए। सतीश ने समाज में संतों की महिमा और उसमें महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और पंच परिवर्तन का विषय रखा। डॉ. अनिल दहिया ने बताया कि सभी संत सारे समाज के होते हैं और वाल्मीकि तो महर्षि थे, जिन्होंने रामायण जैसा महाकाव्य हमें दिया। उन्हीं के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर सभी लोग रामराज्य की कल्पना करते हैं।

### महर्षि वाल्मीकि को किया याद

मंगलवार को शहर में पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा द्वारा महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महासभा के सदस्यों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन अध्यक्ष शेर सिंह बेडवाल ने किया। महासचिव मुख्तियार दांगी ने कहा की महर्षि वाल्मीकि त्रिकालदर्शी थे। समारोह में महासभा के वित्त सचिव सोमपा, मुख्य सलाहाकार रामदिया रत्तेवाल, संरक्षक धुलाराम, महिला उपाध्यक्षा सत्यवती पांचाल, संगठन उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, रामभक्त फौजी व संगठन संरक्षक सुभाष चन्द्र ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### वाल्मीकि की प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प

**सोनीपत।** महर्षि वाल्मीकि जन्म समारोह समिति द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन सुभाष नगर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुरेश कुमार बिडलान ने की। दीप प्रज्ज्वलित दि हरियाणा अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हवा सिंह बोहत ने किया। मंच संचालन राहुल हठवाल ने किया। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर शमी कांगड़ा, ओमप्रकाश, जगमहेंद्र टांक, आजाद सरोहा, मंगतराम हठवाल, राजेश चौहान, सुनील नागर, संजू बिडलान आदि उपस्थित रहे।


### प्रश्नोत्तरी में ए-टीम रही प्रथम

**खरखौदा।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. दिनेश की अध्यक्षता में हिंदी और संस्कृत विभाग द्वारा डॉ.प्रमिला, डॉ विजयदीप और ममता के नेतृत्व में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष में सोमवार को इंटर क्लास प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग से डॉ.प्रमिला ने छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि और रामायण जैसे महाकाव्य के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और प्रतियोगिता के नियमों से भी अवगत करवाया। स्पर्धा के लिए प्रतिभागी छात्राओं को टीमों में विभाजित किया गया। जिसमें टीम ए में संस्कृत विभाग की छात्राएं और टीम बी में हिंदी विभाग की छात्राएं शामिल रही।


सोनीपत। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि


### वाल्मीकि ने दी सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। विधायक निखिल मदान ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में वाल्मीकि जी के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिये। विधायक निखिल मदान ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक महान ऋषि, कवि और समाज सुधारक थे। उन्होंने विश्व जगत को भगवान श्रीराम की महिमा से परिचित कराते हुए उनके जीवन के माध्यम से धर्म, प्रेम और कर्तव्य का संदेश दिया।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें विधायक निखिल मदान महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए।

### कठोर तप से ऋषि वाल्मीकि बने थे महर्षि

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि कठोर तप एवं यज्ञ से ऋषि वाल्मीकि महर्षि बने। उन्होंने महाकाव्य रामायण के माध्यम से समाज में सभी रिश्तों को निभाने एवं समाज को सशक्त बनाने का जो संदेश दिया है, उस पर चलकर हमें राम राज्य स्थापना का संकल्प पूरा करना है। उन्होंने समाज के एक-एक नागरिक से आह्वान किया कि वो सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ लें तथा अपने आसपास के लोगों को इसके लिए जागरूक भी करें, तभी हम सब मिलकर समाज का उत्थान कर पाएंगे, जो खुद महर्षि वाल्मीकि जी भी चाहते थे।


सोनीपत। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।


# अथर्व ने इंस्ट्रुमेंटल-सिंगिंग में हासिल किया अव्वल स्थान

- प्रतिष्ठित नेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स चैंपियनशिप का ग्वालियर में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

ग्वालियर में आयोजित प्रतिष्ठित नेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स चैम्पियनशिप में गन्नौर के होनहार बाल कलाकार अथर्व रघुवंशी पुत्र डॉ. आशीष चौधरी (संचालक, विवान हॉस्पिटल गन्नौर) ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से इंस्ट्रुमेंटल-सिंगिंग श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया। इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और शिक्षकों को अपार खुशी मिली है, बल्कि पूरे गन्नौर का मान-सम्मान बढ़ा है।

देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों में अथर्व रघुवंशी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अथर्व ने वाद्य यंत्र के साथ अपने गायन का ऐसा सुंदर संगम प्रस्तुत किया कि उपस्थित दर्शक और निर्णायक मंडल मंत्रमुग्ध रह गए। उनकी ताल, स्वर और अभिव्यक्ति में कला के प्रति गहरी लगन और समर्पण झलक रहा था। निर्णायकों ने अथर्व की प्रस्तुति को "संवेदनशील और तकनीकी रूप से अत्यंत सशक्त" बताया। अथर्व ने बताया की इस उपलब्धि के पीछे उनके माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का विशेष योगदान रहा है। अथर्व रघुवंशी की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को बल्कि गन्नौर नगर के हर नागरिक को गर्वान्वित कर दिया है।


गन्नौर। अथर्व रघुवंशी को पुरस्कार देकर सम्मानित करते अतिथिगण।


सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

# शिविर में 180 मरीजों के नेत्र जांचे, 21 के होंगे ऑपरेशन

- महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुड़मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में मंगलवार को दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली से चिकित्सकों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी। जिसमें 180 मरीजों ने अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 21 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। उन मरीजो को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री में दवाइयां दी गई। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में चश्मे का प्रबंध अर्णव ऑप्टिशियन द्वारा किया गया। कैम्प में वर्मा लैब द्वारा मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच मुफ्त में की गई। प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जाता है। समिति के उपप्रधान व मीडिया प्रभारी संजय सिंगला ने बताया की कैम्प में महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं। इस मौके पर समिति के महासचिव ओडी गर्ग, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता मौजूद रहे।

# सैलरी का एक पैसा भी नहीं लेकर जाऊंगा घर: विधायक

- विधायक के जन्मदिन पर गांव बरोणा स्थित गुरुकुल में हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा के जन्मदिन पर गांव बरोणा स्थित गुरुकुल में सुबह-सवेरे 44 कुंडों में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक पवन खरखौदा की दीर्घायु और समाज के कल्याण की कामना की गई। इसके पश्चात भरत सिंह वाटिका में आयोजित सेवा कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा ने दिव्यांग और जरूरतमंदों को 151 ट्राई साइकिलें वितरित कीं। इसके बाद गांव हरसाना कलां के हरिदास मंदिर में उन्होंने 1 लाख 21 हजार रुपए की राशि का दान किया। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि मेरा वेतन मेरे परिवार के लिए नहीं बल्कि समाज सेवा को समर्पित है। वह एक भी वेतन का पैसा घर नहीं ले जाएंगे। उनके इस संकल्प ने जनता के बीच एक नई उम्मीद और विश्वास की लहर पैदा की है। उन्होंने यह भी दोहराया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जनसेवा ही हमारा परम कर्तव्य है और जनहित के कार्य उद्देश्य है।


खरखौदा। दिव्यांग को ट्राई साइकिल भेंट करते विधायक पवन खरखौदा।



खरखौदा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करती प्राचार्या व अन्य।

# भारोत्तोलन में कल्पना चावला अकादमी का प्रदर्शन शानदार

- प्रतियोगिता जय स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ अकादमी के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता शनिवार को जय स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी युवा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुरुष वर्ग में 65 किग्रा भार वर्ग में ठाकुर ने तथा 60 किग्रा भार वर्ग में हैप्पी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं महिला वर्ग में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें 44 किग्रा वर्ग में हिमांशी, 48 किग्रा में कीर्ति, 53 किग्रा और 63 किग्रा में राधिका, 69 किग्रा में प्रियंका, 77 किग्रा में माहक तथा उसी वर्ग में वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर महिला वर्ग में 48 किग्रा में ऋतु मान, 53 किग्रा में सानिया, 58 किग्रा में राधिका, 63 किग्रा में इशु, 77 किग्रा में ऋतिका, और 86 किग्रा में वैष्णवी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर महिला वर्ग में 48 किग्रा में ऋतु मान, 53 किग्रा में सानिया, 58 किग्रा में राधिका, 63 किग्रा में इशु, 77 किग्रा में इशिका, तथा 86 किग्रा में वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**कार्यक्रम** — गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया

विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने किया पुरस्कृत

# तरुण वर्ग में दीपांशु एंजल व लक्ष्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता, बाल वर्ग तृतीय रहा

- विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभा का जलवा बिखेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विद्या भारती द्वारा दिल्ली में आयोजित संस्कृति महोत्सव में गीता विद्या मंदिर गोहाना के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी कला प्रतिभा का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में तरुण वर्ग में दीपांशु एंजल और लक्ष्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता बने। बाल वर्ग तृतीय स्थान पर रहा। विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने पुरस्कृत किया। विद्यालप्रबंधन समिति ने तैयारी करवाने वाले आचार्य निशा रोहिल्ला एवं कुसुम गिरी को भी बधाई दी।



खरखौदा। छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### कुसुम गिरी को दी बधाई

### साक्षी कराटे स्पर्धा में द्वितीय

**खरखौदा।** शहर के राम चौक स्थित स्वतंत्र मिडल स्कूल की छात्रा साक्षी ने 58 वीं प्रदेश स्तरीय स्कूली कराटे खेल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। अकादमी में लौटने पर खिलाड़ी छात्रा का स्कूल प्रबंधन व कोच द्वारा स्वागत किया गया। साक्षी ने आर के एस डी स्टेडियम कैथल में आयोजित हुई चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में अंडर -19 के 40 किलो ग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया था। शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल करते हुए नकद राशि प्राप्त करने के साथ एक ट्रैक सूट व प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। अकादमी में पहुंचने पर स्कूल प्रभारी सोनिया ने खिलाड़ी साक्षी को 11 सौ रुपये देकर सम्मानित किया।

### हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट कॉलेज का छात्र हर्ष भारद्वाज अब अपनी खेल प्रतिभा का जलवा इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाएगा। 1 अक्टूबर को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में आयोजित ट्रायल में 50 प्रतिभागियों को पछाड़ते हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसी आधार पर उसका चयन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने हर्ष को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी चैंपियनशिप 08 अक्टूबर से नोएडा की गलगोटिया यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जा रही।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ रिसोर्स पर्सन एवं अन्य।

### साइबर सुरक्षा वर्कशाप का आयोजन

**सोनीपत।** देवडू रोड स्थित दिल्ली विद्यापीठ में आधुनिक तकनीक और इन्टरनेट के लाभ हानि और साइबर क्राइम से सुरक्षा हेतु सीबीएसई द्वारा निर्देशित साइबर सुरक्षा वर्कशाप आयोजित की गई। इसके मुख्य वक्ता सुमित आन्तिल ने दो सत्र में आराधना ग्रोवर (प्रधानाचार्या दिल्ली विद्यापीठ), प्रियदर्शन (उप-प्रधानाचार्य), सत्य प्रिय (एचओडी) सहित अध्यापक वर्ग को साइबर क्राइम और सुरक्षा दोनों के विषय में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि साइबर वर्ल्ड सोशल मीडिया, लोगों के जुड़ाव, तकनीकी, कम्युनिकेशन, का एक जाल है। यह हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण रोल निभाता है। हमारे लिए इसके लाभ और हानि दोनों ही हैं। हमे इसका प्रयोग बड़ी समझदारी और सही जानकारी से करना चाहिए, क्योंकि वर्तमान समय में साइबर क्राइम भी बढ़ रहे हैं और इसका शिकार ज्यादातर हमारे युवा और बुजुर्ग हो रहे हैं। हमे अपने बच्चों के ऑनलाइन वर्ल्ड को अपनी जानकारी में रखना चाहिए। उनकों सही जानकारी देते रहना चाहिए। अंत में विद्यालय प्रबंधन और अध्यापक वर्ग की ओर से मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया गया।

### बैजनाथ और बरेली रूट पर बस सेवा शुरू होगी

**सोनीपत।** धार्मिक और व्यापारिक यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब सोनीपत के यात्रियों को हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ रूट पर यात्रा करने के लिए निजी वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस रूट पर जल्द ही रोडवेज बस सेवा शुरू होने जा रही है। इसके अलावा, सोनीपत से बरेली के लिए भी रोडवेज बस सेवा शुरू करने की तैयारी की जा रही है। दोनों रूटों पर बस सेवा शुरू करने के लिए रोडवेज महाप्रबंधक ने मुख्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है। मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि सोनीपत और आसपास के जिलों के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाया दिल्ली-बैजनाथ और बरेली रूट पर रोडवेज बस सेवा शुरू की जाएगी। बस सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों को बीच रास्ते में कोई अन्य वाहन बदलने की आवश्यकता नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चालक ने बैंक कर्मी को मारी टक्कर

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में एक महिला बैंक कर्मचारी उस समय गंभीर रूप से घायल हो गई जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने गलत दिशा से आकर उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम रेफर किया गया। पुलिस ने चालक और ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेक्टर 12 में किया पोधरोपण

**सोनीपत।** सेक्टर 12 के नेता जी सुभाष चंद्र पार्क के बाहर सेवा ट्रस्ट यूके संस्था के अध्यक्ष सुरेश वत्स व सदस्यों ने सहजन, नीम, सदाबहार के पांच पौधे लगाए। सुरेश वत्स ने बताया कि पौधे लगाने से पर्यावरण स्वच्छ रहता है। प्रत्येक व्यक्ति ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए दो दो पौधे लगाने चाहिए और उनकी सुरक्षा व देखभाल करनी चाहिए। दिलबाग सिंह पीजीटी हिंदी ने सभी से अनुरोध किया है कि पौधे लगाए जीवन बचाएं। इस मौके पर रमेश मदान, सुनील छहतेरा (सिले), मुकेश ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर में औषधीय खीर का किया वितरण



**सोनीपत।** पांच मंजिले श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ ककरोई चौक सोनीपत में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के मौके पर औषधियुक्त खीर बनाकर लोगों के बीच वितिरत की गई। मंदिर में खीर बनाते समय अनेक तरह की औषधि मिलाई जाती है और चंद्रमा की रोशनी में रात भर रखी जाती है। अबकी बार 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा होने के कारण 6 की रात को खीर बनाकर चांदनी में रखी गई थी और 7 अक्टूबर को सुबह के समय भक्तजनों को वितरित की गई।

## खुले नाले और खोदा गया गड्ढा बना जोखिम, कार्रवाई की मांग

# नेशनल हाईवे पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी, हादसे का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या – 44 जिसे जीटी रोड के नाम से भी जाना जाता है, पिछले कुछ समय से वाहन चालकों के लिये राई के पास खतरा बना हुआ है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। संपर्क मार्ग के बीच नाले के पास एक बड़ा गड्ढा खोदा गया है, जो आवागमन करने वाले वाहनों के लिए संभावित हादसों का कारण बन सकता है। हैरानी की बात यह है कि इस स्थान पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही पर्याप्त सुरक्षा अवरोधक रखे गए हैं, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कुंडली से पानीपत तक एनएच-44 के चौड़ीकरण पर लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत आई थी। 24 किलोमीटर लंबे इस हाईवे और चार लेन के संपर्क मार्ग को 20 जून 2023 को लोकार्पित किया गया था।






### हाईवे पर डाला कूड़ा और मिट्टी

यह मार्ग दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को जोड़ता है। लेकिन अब इसी हाईवे के पानीपत-दिल्ली लेन पर राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई के पास नाला बंद होने के साथ-साथ उसके किनारे गड्ढा खोदकर अंदर से कूड़ा व मिट्टी निकाल हाईवे पर डाल दी गई है। इस हिस्से पर जगह-जगह खुले पड़े नाले, बेतरतीब रखे गए पत्थर के बैरिकेड और असमान सतह वाहन चालकों के लिए अलग से खतरा बढ़ा रहे हैं। खासकर रात के समय जब दृश्यता कम होती है, तब वाहन चालक अचानक सामने आए गड्ढे से दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

### रात में रोशनी की व्यवस्था नहीं

जहां गड्ढा बना हुआ है वहां पथ प्रकाश व्यवस्था भी पूरी तरह नदारद है। अंधेरे में खुले नाले और गड्ढे चालक को दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी संजय कौशिक, पंकज कौशिक, सुनील त्यागी और पुनित ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, ऐसे में यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने गड्ढा भरने, अधूरे नाले को ढकने और उचित प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की है।

### किया जाएगा सुधार

एनएच-44 व उसके संपर्क मार्ग पर वाहन चालकों को सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अगर नाला खुला है और गड्ढा बना है तो उसे दुरुस्त कराया जाएगा। नालों पर स्लैब रखवाए जा रहे हैं, जहां नाले खुले हैं वहां भी जल्द स्लैब रखवा दिए जाएंगे। अगर बैरिकेड टेढ़े हैं तो उन्हें दुरुस्त कराया जाएगा।

*जगभूषण शर्मा, परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण*

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा निकाली
उमड़ा जनसैलाब व मेधावी बच्चों को नवाजा

## शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़े समाज : कादियान



**गन्नौर।** मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि जिला उपायुक्त सुशील सारवान मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

महर्षि वाल्मीकि भवन कल्याण समिति शाहपुर तगा की ओर से मंगलवार को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस श्रद्धा, समर्पण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि जिला उपायुक्त सुशील सारवान और हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कृष्ण उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल ने की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने हमें ज्ञान, सेवा और सदाचार का मार्ग दिखाया है। समाज को चाहिए कि शिक्षा को अपना हथियार बनाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़े।

### आश्रम में भंडारा

*भगवान वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा जीटी रोड गन्नौर से शुरू होकर रेलवे रोड होते हुए गन्नौर गांव स्थित वाल्मीकि आश्रम पहुंची। आश्रम में पहुंचने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के करीब 15 मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में रवि शाह महाराज, समिति प्रधान मुकेश सौदा, भगत सिंह लड़सौली, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, डॉ. सोहन, नरेश सौदा, संदीप बेदी, प्रदीप बेदी, सीता गुलिया (जिप पार्षद), सरपंच सावन, प्रवीन, ईश्वर, कालू सहित सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी, ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के 8 मंडलों में की नई नियुक्तियां

- पार्टी हाईकमान से विचारविमर्श के बाद कार्यकारी जिलाध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने की संगठनात्मक नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला गोहाना के आठों मंडलों व जिला संगठन में नई संगठनात्मक नियुक्तियां की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान व भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक से विचारविमर्श के बाद मोर्चा भाजपा जिला गोहाना के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियां की गई। नई नियुक्तियों में कुलदीप कश्यप गोहाना मंडल के अध्यक्ष, राजू व सुशील महामंत्री, विजय कश्यप भैंसवाल मंडल के अध्यक्ष, रामदिया व रमेश प्रजापति महामंत्री, राजबीर पांचाल बुटाना मंडल के अध्यक्ष, रवि वर्मा व विकास महामंत्री, वेदप्रकाश जांगड़ा मुंडलाना मंडल के अध्यक्ष, जगदीश सैनी व पवन महामंत्री, ओमप्रकाश कथूरा मंडल के अध्यक्ष, डॉ. संतलाल व राममेहर महामंत्री, ईश्वर सिंह जुआं मंडल के अध्यक्ष, डॉ. श्याम कुमार व सतपाल कश्यप महामंत्री, अमित जांगड़ा खानपुर मंडल के अध्यक्ष, रविंद्र रोहिल्ला महामंत्री व शमशेर नंबरदार मोहाना मंडल के अध्यक्ष नियुक्त किए गए।



**गोहाना।** मंडल व जिला संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारी व सदस्यगण।

### जिला कार्यकारणी में नियुक्ति

*बीसी मोर्चा जिला गोहाना की कार्यकारिणी में सरोज देवी, पुष्पा देवी, सुभाष दांगी, सतीश जांगड़ा, राजबीर चौहान व नरेश पांचाल को उपाध्यक्ष, धर्मपाल कश्यप, संदीप जांगड़ा व साहिल दांगी को महामंत्री, गायत्री जांगड़ा, बीरमति, विनोद बाजवान, जगत सैन, अमरजीत प्रजापति व सुरेश सैनी को सचिव, जगदीश जांगड़ा कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए।*

### आमंत्रित व कार्यकारिणी सदस्य

*भाजपा वरिष्ठ नेताओं में परमवीर सैनी, कृष्ण सैनी, डॉ. रमेश कश्यप, प्रवीन कश्यप, राजू पटवा व बिजेंद्र सैनी विशेष आमंत्रित सदस्य जबकि रामफल बैरागी रामेश्वर कश्यप, सूरजभान, पाल सिंह प्रजापति व सुल्तान सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए।*

*विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यकर्ताओं की के साथ ली बैठक*

## पीएम के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में 17 अक्टूबर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने कैंप कार्यालय बैठक आयोजित की। जिसमें हल्के के चारों मंडल अध्यक्षों, बूथ पालकों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों रैली में कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और 8 अक्टूबर को आज भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व में होने वाली बैठक में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता आगामी रैली की रूपरेखा को समझे और उसे धरातल पर लागू करे। इस मौके पर मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, वेदपाल शास्त्री, इंद्र सिंह चौहान, अनिल आतिल, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, नगरपालिका चैयरमैन शिमला देवी, सोनीया मोर, आशा, प्रवेश प्रजापत, संजीत सबौली, सरपचं सुमन, दिलबाग सिंहं, प्रवीन, प्रदीप दहिया, रमेश, बीनू संजीव, प्रताप कुण्डू पहलवान, धर्मबीर, परमेश दहिया आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत ने मंडल अध्यक्षों, बूथ पालकों की बैठक लेते हुए ।

### पांच हजार के इनामी बदमाश को दबोचा

**सोनीपत।** जिले की एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पांच हजार के इनामी अति वांछित बदमाश को अवैध हथियार और चोरी की कार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विक्रम उर्फ भुस्सी निवासी राई, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की टीम में तैनात मुख्य सिपाही प्रदीप अपनी टीम के साथ अपराधियों की खोजबीन में ओमेक्स सिटी जीटी रोड क्षेत्र में मौजूद था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विक्रम उर्फ भुस्सी, जो पहले से ही पैरोल पर जेल से फरार है और जिसके ऊपर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित है, इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### गांव कलां में वाल्मीकि चौपाल का लोकार्पण

**खरखौदा ।** विधायक पवन खरखौदा ने बतौर मुख्य अतिथि थाना कलां गांव में नवनिर्मित वाल्मीकि चौपाल का लोकार्पण किया। जबकि एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच आशीष दहिया और वाल्मीकि समाज समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। चौपाल को दो महीने के रिकार्ड समय में पूरा किया गया है। जिसके निर्माण पर नौ लाख नब्बे हजार रुपए खर्च किए गए हैं। चौपाल के उद्घाटन से पहले विधायक ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति के महान ऋषि थे, जिन्होंने समाज को सत्य, धर्म और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके द्वारा रचित महाकाव्य रामायण मानव जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा भगवान वाल्मीकि हमारे धर्म का तीर्थ है और उनके विचारों को आगे ले जाने का कार्य हमें करना है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने कठोर तपस्या और चिंतन के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा दी और समाज को यह संदेश दिया कि परिवर्तन संभव है, यदि मनुष्य सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प ले।


### अलग-अलग मामलों में बुजुर्ग व युवती लापता

**सोनीपत।** जिले में लापता होने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। पहला मामला कुंडली थाना क्षेत्र की प्रेम कॉलोनी का है, जहां एक 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग सुबह घर से किसी काम के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। आसपास के इलाकों में काफी तलाश करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार ने कुंडली थाने में इसकी सूचना दी। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी घटना राई थाना क्षेत्र के गांव लिवान की है, जहां एक 19 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई।

### कनाडा भेजने के नाम पर 7.15 लाख की ठगी

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने कनाडा भेजने का झांसा देकर दो युवकों से 7 लाख 15 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर सेक्टर-23 साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव फाजिलपुर निवासी रविंद्र पुत्र रणधीर ने बताया कि उसकी व्हाट्सऐप पर अज्ञात नामक व्यक्ति अंकुर से बातचीत हुई थी। आरोपित ने उसे और उसके दोस्त रोहित निवासी दहिया कॉलोनी, ककरोई रोड, सोनीपत को कनाडा में नौकरी और वीजा दिलाने का झांसा दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005



**राई।** वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा के युवा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई का स्वागत करते समाज के लोग ।

### महर्षि वाल्मीकि ने समाज को ज्ञान और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी : पुनीत राई


**राई।** राई गांव में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई का वाल्मीकि समाज के लोगों ने फूलमालाओं व पटका पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन और पूजन से हुई, जिसके बाद मंच से बोलते हुए पुनीत राई ने सभी को महर्षि वाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को ज्ञान, सच्चाई और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वे भारतीय संस्कृति के ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने रामायण जैसी अमर रचना के माध्यम से मानवता, नैतिकता और धर्म का अद्भुत संदेश दिया। पुनीत राई ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह सिखाता है कि कोई भी व्यक्ति अपने कर्म और संकल्प से समाज में ऊँचा स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज में परिवर्तन लाएँ और अपने क्षेत्र, अपने गांव और अपने परिवार का नाम रोशन करें। इस मौके पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विधायक ने वाल्मीकि चौपाल का किया उद्घाटन

**राई।** राई हल्के की विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव बढ़खालसा में बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में नव-निर्मित वाल्मीकि चौपाल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों के जीवन से हमें सच्चाई, कर्म और मानवता की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज में ज्ञान, साहित्य और न्याय की मशाल जलाकर एक ऐसी दिशा दी, जो आज भी हमें धर्म, नीति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि बाल्मीकि जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह मानवता और समानता का संदेश देने वाला दिवस है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि बाल्मीकि समाज का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। इस मौके पर बीडीपीओ दिगम्बर, गांव बढ़खालसा गांव के सरपंच सरपचं सुमन, दिलबाग सिंह, प्रवीन, प्रदीप दहिया, रमेश, बीनू, संजीव, प्रताप कुण्डू पहलवान, धर्मबीर, परमेश दहिया, मन्जीत, वीर सिंह, चेत राम, दलजीत सिंह,सरपच पबसरा सुनील, अशोक सरपचं रसोई, जितेन्द्र सरपंच आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**राई।** बढ़खालसा गांव में राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत वाल्मीकि चौपाल का उद्घाटन करते हुए ।



**राई।** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल का स्वागत करते समाज के लोग ।

### भगवान वाल्मीकि ने समाज को समानता व सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया : शेखर आंतिल

**राई।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में खेवड़ा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर और भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद शेखर आंतिल ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, उनके आदर्शों और विचारों पर प्रकाश डाला। युवा भाजपा नेता शेखर आंतिल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि मानव जीवन का उत्थान ज्ञान, कर्म और सदाचार से ही संभव है। भगवान वाल्मीकि जी ने समाज को समानता, शिक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनका जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। गांव में महर्षि वाल्मीकि जयंती का यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक रहा, बल्कि समाज को एकता और सद्भाव का संदेश भी देता नजर आया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**चर्चा** भाजपा की संगठनात्मक बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा, कार्यकर्ताओं की लगी ड्यूटियां

# प्रधानमंत्री आगमन का साक्षी बनेगा जनसमूह : डा. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार बनी नॉन स्टॉप सरकार की पहली वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोनीपत आगमन एक ऐतिहासिक पल होगा। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता व भारी जन समूह इन ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनेगा।

पानीपत रोड स्तिथ जेके गार्डन में मंगलवार को मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भाजपा गोहाना जिला की संगठनात्मक बैठक में पहुंचे तथा सन्त-महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बैठक का आगाज किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत व संगठन के आला नेताओं की दूरदर्शी सोच की बदौलत प्रदेश में निरन्तर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। सुशासन, पारदर्शिता, गरीब, वंचित उत्थान पर केंद्रित योजनाओं ने जनता-जनार्दन का भरोसा जीतने में कामयाबी हासिल की है।



**गोहाना।** दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. अरविंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक।

### राई में आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अक्तूबर को एजुकेशन सिटी राई में पहुंचेंगे। उनके आगमन का प्रत्येक नागरिक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। नरेंद्र मोदी ने हर बार हरियाणा दौरे के दौरान बड़ी सौगातें दी है, जिसका आज लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

### एक्सप्रेस-वे का किया था उद्घाटन

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में एजुकेशन सिटी से ही केएमपी-केजीपी एक्सप्रेवे के उद्घाटन व नेशनल हाइवे 44 के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया था, जो वर्तमान में हजारों वाहन चालकों के रोजाना सरल आवागमन का माध्यम बना है। 17 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप सभी से राम-राम करने, संवाद करने आ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि बिना निमंत्रण कोई घर न छूटे। गोहाना व बरोदा विधानसभा से 10-10 हजार कार्यकर्ता व आमजन प्रधानमंत्री को सुनने पहुंचेंगे।

### हर वर्ग के उत्थान के लिए उठाए कदम

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बीते एक साल की प्रदेश सरकार ने हर वर्ग, हर समुदाय के उत्थान को लेकर बड़े कदम उठाए, जिससे कार्यकर्ताओं ही नहीं अपितु जन-जन में सरकार की वर्षगांठ को लेकर जोश व उत्साह है। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, इंद्रजीत विरमानी, बलराम कौशिक, महेंद्र चिड़ाना, अरुण बड़ौक, परमवीर सैनी, जितेंद्र शर्मा, नरेन्द्र गहलावत, रीना शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, हवा सिंह वर्मा, सूरजमल शर्मा, जगबीर जैन, भूपेन्द्र मुदगिल, प्रवीण खुराना, राजेश भावड़, प्रदीप बड़वासनी, अरुण बड़ौक व विजय पुलस्तस्य उपस्थित रहे।*